

# विकसित भारत के लिए सतत वित्तपोषण

## 55वीं वार्षिक आम बैठक के अवसर पर अध्यक्ष महोदय के भाषण के कुछ अंश

**आरईसी REC**
असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं
Endless energy. Infinite possibilities.
**महारत्न कंपनी**

> ***"हमारा नीतिगत लक्ष्य वर्ष 2030 तक हमारी ऋण बही को ₹ 10 लाख करोड़ तक विस्तारित करना है और हम वर्ष 2030 तक ₹ 3 लाख करोड़ के नवीकरणीय ऋण बही पोर्टफोलियो को प्राप्त करने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं।"***

**प्रिय हितधारकों,**

आप सभी का आरईसी की 55वीं वार्षिक आम बैठक में स्वागत है। प्रगति के नित नए इतिहास का निर्माण करना आरईसी की नई विशिष्टता बन चुकी है और मुझे यह बताते हुए बेहद प्रसन्नता हो रही है कि आरईसी ने वित्त वर्ष 2024 में सभी क्षेत्रों पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

### *वित्त वर्ष 2024 की मुख्य विशेषताएं*


**संचालन और वित्त**

- अब तक की सर्वाधिक वार्षिक संस्वीकृतियां: ₹3,58,816 करोड़ (▲ 34% वर्ष दर वर्ष)
- अब तक का सर्वाधिक वार्षिक संवितरण: ₹1,61,462 करोड़ (▲ 67% वर्ष दर वर्ष)
- नवीकरणीय ऊर्जा संस्वीकृतियां: ₹1,36,516 करोड़ (▲ 539% वर्ष दर वर्ष)
- कुल आय: ₹47,214 करोड़ (▲ 20% वर्ष दर वर्ष )
- निवल लाभ: ₹14,019 करोड़ (▲ 27% वर्ष दर वर्ष)
- ऋण बही: ₹5.09 लाख करोड़ (▲ 17% वर्ष दर वर्ष)
- पूंजी पर्याप्तता अनुपात: 15% की न्यूनतम आवश्यकता के मुकाबले 25.82%
- पिछली 9 तिमाहियों के दौरान कोई नया एनपीए नहीं

**निधियों का संग्रह**

- विदेशी मुद्रा उधार बकाया उधार का 29% है (▲ 25% वर्ष दर वर्ष)
- बाजार से ₹1,46,747 करोड़ की धनराशि जुटाई , जिसमें ₹11,421 करोड़ 54 ईसी बॉण्ड से, ₹42,437 करोड़ संस्थागत बॉण्ड/अधीनस्थ ऋण से और ₹36,961 करोड़ विदेशी मुद्रा उधार से शामिल हैं ।
- अप्रैल 2023 में 750 मिलियन अमरीकी डॉलर के ग्रीन बॉण्ड जारी करने के लिए पुरस्कृत किया गया था, जो भारत के जी20 प्रेसीडेंसी के बाद भारत से जारी होने वाला पहला यूएसडी ग्रीन बॉण्ड था तथा दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशियाई जारीकर्ता द्वारा अब तक की सबसे बड़ी ग्रीन बॉण्ड की किश्त थी।
- 10 बिलियन अमरीकी डॉलर के ग्लोबल मीडियम टर्म नोट्स प्रोग्राम के अंतर्गत जापानी येन (जेपीवाई) 61.1 बिलियन 5-वर्षीय, 5.25-वर्षीय और 10-वर्षीय ग्रीन बॉण्ड सफलतापूर्वक जारी किए हैं।
- गिफ्ट सिटी, गांधीनगर में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र में अनुषंगी कंपनी स्थापित करने के लिए आरबीआई से अनापत्ति पत्र प्राप्त हुआ, जो वैश्विक बाजार में आरईसी की उपस्थिति बढ़ाएगी।

**कुल आय और कर पश्चात लाभ (₹ करोड़ में)**




### *लाभांश*

अपनी समकक्ष कंपनियों के बीच एक उच्चतम लाभांश देने वाली कंपनी के रूप में, वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए, बोर्ड ने आपके अनुमोदन के अधीन ₹5 प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। प्रस्तावित अंतिम लाभांश सहित वर्ष के लिए कुल लाभांश पिछले वर्ष के लिए ₹12.60 प्रति शेयर अर्थात प्रदत्त शेयर पूंजी का 126%की तुलना में ₹16 प्रति शेयर अर्थात प्रदत्त शेयर पूंजी का 160% है। प्रस्तावित वित्तीय लाभांश सहित, वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कुल लाभांश भुगतान ₹4,213.6 करोड़ होगा।

### *विकसित भारत विजन में सरकार की सहभागी*

सरकारी योजनाओं के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के क्रम में आरईसी को संशोधित वितरण क्षेत्र स्कीम (आरडीएसएस) के अंतर्गत कई राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों के लिए आरईसी को नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है।

आरईसी प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी की भूमिका भी निभा रही है , जिसका कुल बजट ₹75,021 करोड़ है। इस पहल का उद्देश्य रुफटॉप सौर पैनल लगाना और एक करोड़ घरों को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना है।

**सामुदायिक कल्याण के उद्देश्य से महत्वपूर्ण पहलों पर चर्चा के लिए हितधारकों के साथ सीएसआर संगोष्ठी सह परिचर्चा**



वित्त वर्ष 2024 के दौरान, भारत सरकार ने बुनियादी ढाँचे के क्षेत्र में सकल घरेलू उत्पाद का 3.3% आवंटित किया है, जिसमें परिवहन और लॉजिस्टिक पर विशेष ध्यान दिया गया है और आरईसी को महारत्न का दर्जा प्राप्त होने के पश्चात, अब आरईसी को लॉजिस्टिक और गैर-विद्युत बुनियादी ढाँचा दोनों क्षेत्रों को उधार देने के लिए प्राधिकृत किया गया है। वित्त वर्ष 2024 में, आरईसी ने गैर-विद्युत बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के लिए ₹40,569 करोड़ संस्वीकृत किए हैं।

### *निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व*

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, आरईसी ने लगभग ₹467 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी दी और न्यूनतम वैधानिक आवश्यकता को पार करते हुए विभिन्न विषयगत क्षेत्रों पर ₹255 करोड़ का अब तक का सर्वाधिक व्यय किया। कुछ प्रमुख पहलें हैं:

- आरईसी फाउंडेशन ने सामाजिक क्षेत्र के प्रमुख हितधारकों को एकजुट कर एक निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) संगोष्ठी का आयोजन किया।
- विभिन्न एथलीटों ने राष्ट्रीय खेल विकास कोष (एनएसडीएफ) को ₹100 करोड़ की सहायता प्रदान की, जो अब वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।
- पूरे भारत में वंचित जिलों में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए मोबाइल चिकित्सा यूनिट्स को तैनात करने की योजना शुरू की गई।

### *पुरस्कार*

- भारत सरकार के डीपीई दिशानिर्देशों के तहत हस्ताक्षरित एमओयू के लिए "उत्कृष्ट" रेटिंग दी गई
- वित्तीय सेवा श्रेणी में 'सर्वश्रेष्ठ केंद्रीय पीएसयू' के लिए डन एंड ब्रैडस्ट्रीट अवार्ड-2023
- जोखिम प्रबंधन श्रेणी में निदेशक संस्थान (आईओडी) द्वारा गोल्डन पीकॉक अवार्ड
- राजभाषा नीति को लागू करने के लिए विद्युत सार्वजनिक उपक्रमों में प्रथम पुरस्कार
- एसोचैम द्वारा कॉर्पोरेट बॉण्ड मार्केट के लिए छठे राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में वर्ष के जारीकर्ता का पुरस्कार
- सतत वित्त के लिए एसेट ट्रिपल ए अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ ग्रीन बॉण्ड - कॉर्पोरेट पुरस्कार
- 'आउटलुक प्लैनेट सस्टेनेबिलिटी समिट एंड अवार्ड्स 2024' में 'सस्टेनेबिलिटी चैंपियन – एडिटर्स च्वॉइस अवार्ड
- 'नवीकरणीय ऊर्जा वित्तपोषण' के लिए स्कोच ईएसजी पुरस्कार 2024

**आरईसी लिमिटेड को डच बैंक एजी, गिफ्ट सिटी शाखा से जेपीवाई 31.96 बिलियन (200 मिलियन अमरीकी डॉलर) की हरित ऋण सुविधा**



### *भविष्य की राह*


भारत सरकार ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने और स्वच्छ और सतत स्रोतों की ओर ऊर्जा क्रांति की सुविधा के दोहरे उद्देश्यों का ध्यानपूर्वक समाधान कर रही है। आरईसी पूरे बिजली क्षेत्र की मूल्य श्रृंखला को वित्तपोषित करने के लिए सरकार के रणनीतिक भागीदार के रूप में बने रहकर और सरकार द्वारा नए केन्द्रित वाले क्षेत्रों में पूंजीकरण करके देश के ऊर्जा संचरण लक्ष्यों में योगदान देने में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें आगामी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं; पंप और बैटरी ऊर्जा भंडारण, ईवी/चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, स्मार्ट मीटरिंग, हरित हाइड्रोजन/हरित अमोनिया आदि शामिल हैं। हमारा रणनीतिक उद्देश्य हमारी वर्तमान ऋण बही ₹5.09 लाख करोड़ को 2030 तक ₹10 लाख करोड़ तक बढ़ाना है। हम 2030 तक लगभग ₹38,971 करोड़ के मौजूदा स्तर से ₹3 लाख करोड़ का नवीकरणीय ऋण बही पोर्टफोलियो हासिल करने का लक्ष्य बना रहे हैं।

इसके अलावा, गैर-बिजली बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों में हमारा प्रवेश विविधीकरण को दर्शाता है और हमारे मुख्य केन्द्रित क्षेत्रों को पूरा करता है। जैसे-जैसे भारत "विकसित भारत" के दृष्टिकोण की ओर आगे बढ़ रहा है, आरईसी प्रगति और सस्टेनेबिलिटी का प्रतीक बना हुआ है।

### *संस्वीकृतियाँ*

मैं माननीय विद्युत मंत्री, माननीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री, सचिव (विद्युत) और विद्युत मंत्रालय के सभी सम्मानित अधिकारियों को उनके दृढ़ सहयोग और दूरदर्शी मार्गदर्शन के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूं। मैं हमारी धारक कंपनी, पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड को भी उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं।

**प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति (₹ करोड़ में)**




मैं कंपनी से जुड़े सभी वैधानिक प्राधिकारियों और अन्य प्रोफेशनल्स के अटूट समर्थन के लिए बेहद आभारी हूं। मैं सभी शेयरधारकों, डिबेंचर-धारकों, निवेशकों, ऋणदाताओं, उधारकर्ताओं और ग्राहकों और दूरदर्शी राज्य सरकारों, राज्य बिजली संस्थाओं और गतिशील निजी क्षेत्र के उद्यमियों सहित कंपनी के सभी संबंधित हितधारकों को दिल से धन्यवाद देता हूं। आपके अमूल्य सहयोग से, हम आरईसी को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए एक अविस्मरणीय यात्रा की शुरुआत करेंगे।

जय हिंद!

हार्दिक शुभकामनाओं सहित,

**विवेक कुमार देवांगन**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान: गुरूग्राम
दिनांक: 20 अगस्त, 2024

*(यह वार्षिक आम बैठक की कार्यवाही का रिकॉर्ड नहीं है)*


**आरईसी लिमिटेड**
**(भारत सरकार का महारत्न उद्यम)**

**कॉर्पोरेट कार्यालय:** प्लॉट नंबर आई-4, सेक्टर 29, गुरुग्राम, हरियाणा -122001 | फ़ोन: +91-124-4441300
**पंजीकृत कार्यालय:** कोर- 4, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, लोधी रोड, नई दिल्ली -110003 | फ़ोन: +91-11-43091500
**ई-मेल:** contactus@recindia.com **वेबसाइट:** www.recindia.nic.in, **सीआईएन:** L40101DL1969GOI005095

**फॉलो करें:** @RECLindia

अधिक जानकारी के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें